तापमान
अधिकतम 34.4 डिग्री
न्यूनतम 23.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 10 मई 2026

14 लगातार पांचवें दिन बिगड़ा मौसम, आंधी और ...



14 विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ...








दुर्घटना : हादसे में बाइक और कार के उड़ गए परखच्चे

# कार-बाइक की भिड़ंत में तीन युवकों की मौके पर मौत, सड़क पर बिखरे शवों के अंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कार और बाईक में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि बाईक सवार तीन युवको की मौत हो गई। वही कार चालक घायल हो गया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, राहुल का कटा हुआ पैर आज शनिवार सुबह ग्रामीणों को मिला।

- टक्कर इतनी जबरदस्त कि युवक के शरीर के अंग अलग हुए
- तेज रफ्तार बनी हादसे की बड़ी वजह मानी जा रही है
- स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को पहुंचाया गया अस्पताल

मिली जानकारी के अनुसार हादसे में मृत युवकों की पहचान तरुण यादव राहुल सेवता, नरेंद्र भूआर्य के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि तरुण यादव और राहुल सेवता ग्राम सिर्राभाठा के निवासी थे, जबकि तीसरा युवक नरेन्द्र भुआर्य मुड़खुसरा गांव का रहने वाला बताया जा रहा है।मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात एक बाईक में तीन युवक बैठक डौण्डीलोहारा की ओर जा रहे थे, इसी दौरान राजनांदगांव की ओर से आ रही कार और बाईक में जोरदार टक्कर हो गया। मिली जानकारी के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में तरुण का हाथ शरीर से अलग हो गया, वहीं पीछे बैठे राहुल का पैर कटकर 50 मीटर दूर पैरावट में जा गिरा। नरेंद्र के शरीर पर भी गहरे जख्म थे। बाइक सवार तीनों युवक के शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गए। कार और बाइक के भी परखच्चे उड़ गए। घटना की जानकारी लगते ही स्थानीय लोगों ने पुलिस को जानकारी दी तथा घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। कार को पुलिस ने जब्त कर लिया है। एएसआई अनित राम यादव ने बताया कि कार चालक के खिलाफ धारा 281, 106(1) बीएनएस एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।






# ट्रांसफार्मर हटाने के लिए विभाग ने थमाया 1.98 लाख का डिमांड लेटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/अर्जुन्दा

ग्राम भरदाकला मे एक परिवार पिछले कई वर्षों से घर के सामने लगे ट्रांसफार्मर और बिजली पोल के कारण जान जोखिम मे डालकर जीवन यापन कर रहा है। पीड़ित परिवार को ट्रांसफार्मर हटाने के लिए 198684 रुपए का डिमांड लेटर थमा दिया गया।

- कलेक्टर से लेकर पूर्व मुख्यमंत्री तक लगा चुके हैं गुहार
- ट्रांसफार्मर की चपेट में आकर जा चुकी है एक जान

ग्राम भरदाकला निवासी संतोष कुमार लहरे पिता स्व. जाम दास लहरे के पैतृक घर के सामने वर्ष 1985 से विद्युत पोल और ट्रांसफार्मर अव्यवस्थित स्थिति में लगा हुआ है। परिवार का कहना है कि यह ट्रांसफार्मर उनके परिवार के लिए लगातार खतरा बना हुआ है। जिससे परिवार को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

बताया जा रहा है कि संतोष लहरे के दादा समारू राम लहरे की इसी ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से मौत हो चुकी है। इसके अलावा भी कई बार छोटे-मोटे हादसे होते रहे हैं, जिससे ▶▶ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत जरवाय में 12.50 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन



**गुण्डरदेही।** ग्राम पंचायत जरवाय में शेड निर्माण अधो संरचना 10 लाख रुपए एवं जाली घेरा व सतनाम भवन ढाई लाख रुपए का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू, सरपंच रानू दीपक पटेल, सरपंच कसौंदा जितेंद्र चंद्राकर, उपसरपंच कमलेश देशलहरे, टीकम साहू, दीनू राम, निलेश्वरी साहू, हिरौंदी, ग्रामीण अध्यक्ष रामेश्वर साहू, नौरंगजी, मोनू सेन, जगदीश ढीमर, रोजगार सहायक चंदू साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### युवकों पर मधुमक्खियों का हमला, एक गंभीर

**बालोद।** नहर किनारे बैठे युवको पर मधुमक्खी ने हमला कर दिया। जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया तथा दो की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।



मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भेड़ियानवागांव निवासी हेमलाल तारम, तामेश्वर साहू, उत्तम कुमार चिराम नहर किनारे बैठे थे तभी अचानक तीनो युवको पर मधुमक्खी ने हमला कर दिया। जहां मधुमक्खी के हमले से बचने के लिए तीनो वहां से भागे, जिसमें एक युवक ने अपनी जान बचाने के लिए नहर में छलांग लगा दी तथा दो अन्यत्र जगहो की ओर भागे। जिसमे से नहर में छलाग लगाने वाले युवक की जान बच गई तथा उसे ज्यादा हानि नही हुई। वही दो अन्य युवक जो अन्यत्र भागे थे उसमें से एक युवक हेमलाल के चेहरे पर सैकड़ों मधुमक्खीने के डंक के निशान पड़ गए तथा उक्त युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है तथा एक अन्य युवक को भी सामान्य हानि की जानकारी प्राप्त हो रही है। तीनो ही युवको का अस्पताल में ईलाज जारी है।

### 8वीं की बोर्ड परीक्षा में चित्रणी चौथा स्थान पर

**बालोद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आठवीं कक्षा के बोर्ड परीक्षा मे सरस्वती शिशु मंदिर मुक्ताश्रम हथौद की छात्र ग्राम पीपरछेड़ी निवासी चित्रणी साहू पिता मूलसिंह साहू ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट सूची में चौथा स्थान हासिल किया है। इन्होंने गीत, संगीत के क्षेत्र में भी अपनी पहचान बनाई है।



### मां कौशल्या के नाम पर एक शाम 14 को

**गुण्डरदेही।** शारदा वाटिका गुण्डरदेही में आगामी 14 मई को शाम 6 बजे एक भव्य आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एक शाम मां कौशल्या के नाम का आयोजन होने जा रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन के सौजन्य में होने वाला यह कार्यक्रम क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए भक्ति और ज्ञान का अनूठा संगम होगा। कार्यक्रम में मुख्य प्रवचनकर्ता जामड़ी ▶▶ शेष पेज 13 पर

# जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रगणक सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जनगणना 2027 अंतर्गत समय-सीमा से पूर्व शत-प्रतिशत शुद्धता के साथ मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण करने वाले प्रगणकों को आज जनसमस्या निवारण शिविर घीना में जिला पंचायत सीईओ सुनील चंद्रवंशी ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले प्रगणकों में नगर पंचायत गुण्डरदेही की प्रगणक नेहा गुप्ता और ग्राम दुगएॅटोला के प्रगणक योगेंद्र कुमार चुरेंद्र शामिल हैं। सुनील चंद्रवंशी ने जिले के डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम घीना में प्रगणकों द्वारा किए जा रहे मकान सूचीकरण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कमल साहू के घर पहुंचकर वहॉ हो रहे जनगणना कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने वहॉ जनगणना प्रगणक संतोष कुमार देवांगन, कुलेश्वर प्रसाद सिंह और भागवत प्रसाद साहू से उनके द्वारा किए जा रहे मकानी सूचीकरण के कार्य की जानकारी ली और उन्हें निर्धारित समय सीमा से पूर्व शतप्रतिशत कार्य पूर्ण करने प्रोत्साहित किया।

# कुएं से निकला तेंदुआ लौटा जंगल, 24 घंटे बाद प्रशासन ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में कुआ से निकलकर भागा तेदुंआ आखिरकार अपने प्राकृतिक निवास पर चला गया। जिससे पिछले कई घंटो से जिले में तेदुए के कारण हाई अलर्ट पर चल रहे प्रशासन ने राहत की सास ली। इसकी पुष्टि वन विभागन ने ड्रोन सर्वे के जरिए की।

- ड्रोन सर्वे में पुष्टि, खेत से निकलकर जंगल पहुंचा तेंदुआ

ग्राम जगतरा गांव के एक कुए में तेंदुआ गिर गया था। रेस्क्यू रेस्क्यू के दौरान तेंदुए को बाहर निकालने के बाद वह पास के धान के खेत में से आई विशेषज टीम, वन विभाग और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से मोचा सभाला और पूरी रात निगरानी जारी रही।

तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने के के लिए पूरी रात वन विभाग और पुलिस की टीम खेतों के आस पास तैनात रही। ड्रोन कैमरों की मदद से लगातार निगटानी की जा रही थी ताकि तेंदुए की लोकेशन ट्रैक की जा सके और किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।



शनिवार सुबह ड्रोन फुटेज और पगमार्क की जांच के बाद यह पुष्टि हुई कि तेंदुआ सुरक्षित रूप से चुका है। खेत से निकलकर जगल की ओर चला गया। लगातार 24 घंटे तक चले हाई अलर्ट के बाद वन विभाग, पुलिस प्रशासन और ग्रामीणों ने राहत महसूस की। तेंदुए की मोजूदगी के कारण पूरे गांव गाव में भय का माहोल बना हुआ था था और प्रशासन को प्रतिबंधात्मक आदेश तक लागू करना पड़ा।

# नेशनल लोक अदालत में 69 हजार से अधिक मामलों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार बालोद जिले के सभी न्यायालयों में 09 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिनमें राजीनामा योग्य प्रकरणों में पक्षकारों की आपसी सहमति व सुलह समझौता से निराकृत किये गये है। कुल 71435 प्रकरण में 69424 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया। लोक अदालत में लगभग 5 करोड़ रूपये का अवार्ड पारित किया गया है।

- बैंक, बिजली, जलकर और बीएसएनएल मामलों का भी हुआ निराकरण
- न्याय तक आसान पहुंच का बना प्रभावी माध्यम नेशनल लोक अदालत

प्रकरणों के पक्षकारों की भौतिक तथा वर्चुअल दोनों ही माध्यमों से उनकी उपस्थिति में निराकृत किये जाने के अतिरिक्त मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरणों को निराकृत किया गया। इस सिलसिले में न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर ने इस संपूर्ण लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु निरंतर प्रयास करते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी लगातार अधिक से अधिक मामलों को निराकृत किये जाने हेतु प्रेरित किया।

जिला व सत्र न्यायालय बालोद एवं व्यवहार न्यायालय स्तर पर डौण्डीलोहारा, दल्लीराजहरा, गुण्डरदेही में तथा बालोद जिले के राजस्व न्यायालयों में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न बालोद के निर्देशानुसार इस लोक अदालत के लिए बालोद जिले में कुल 23 खण्डपीठ का गठन किया गया। इस लोक अदालत में लंबित सिविल एवं अन्य प्रकरण, प्री-लिटिगेशन बैंक, विद्युत, जलकर, बीएसएनएल के प्रकरण तथा राजस्व न्यायालयों की खंडपीठ के समक्ष कुल 71435 प्रकरण निराकरण हेतु रखे गये थे, जिसमें 69424 प्रकरणों का निराकरण नेशनल लोक अदालत के माध्यम से किया गया। इस लोक अदालत में कुल 4,93,78,696 रूपये राशि का अवार्ड पारित किया गया है।

खाद बिक्री के लिए पीओएस मशीन अनिवार्य : आशीष चंद्राकर

# जिले में खाद की पर्याप्त उपलब्धता, किसानों को मिलेंगे निर्धारित दर पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कृषि विभाग के उप सचांलक आशीष चंद्राकर ने बताया कि खरीफ वर्ष 2026 में जिले के प्रत्येक किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा उर्वरकों की अलग-अलग 09 समूहों की अनुशंसा की गई है। जिसके द्वारा कृषक धान की खेती में आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति कर सकते हैं। अनुशंसित उर्वरक समूहों की जानकारी जिले के उर्वरक विक्रय केन्द्रों में चस्पा किया गया है, जिसे जिले के कृषक अवलोकन कर अपनी आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक समूह का चुनाव कर उर्वरक क्रय कर सकते हैं।

जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने के लिए खाद का विक्रय पी.ओ.एस. मशीन के माध्यम से अनिवार्य किया गया है तथा उर्वरक विक्रय केन्द्रों का उर्वरक निरीक्षकों के माध्यम से निरीक्षण कराकर पी.ओ.एस. स्कंध एवं भौतिक स्कंध का मिलान सुनिश्चित कराया जा रहा है। निजी उर्वरक विक्रेताओं को भी सक्त निर्देश दिया गया है कि उर्वरकों का विक्रय पी.ओ.एस. मशीन के माध्यम से निर्धारित दर पर करें एवं क्रेता किसानों का रजिस्टर में आवश्यक जानकारी इंद्राज करें।





उन्होंने बताया कि कृषकों को खाद का विक्रय कृषकों की जोत का रकबा के आधार पर किया जा रहा है। यदि किसी विक्रेता द्वारा उर्वरक भण्डारण एवं वितरण में अनियमितता बरती जाती है, तो उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 में निहीत प्रावधानों के तहत कड़ी कार्यवाही की जायेगी। अब तक जिले के कृषकों को सहकारी एवं निजी विक्रय केन्द्रों के माध्यम से 2693 मी. टन खाद का विक्रय किया जा चुका है। जिले में किसी भी प्रकार से खाद की कमी नहीं है, किसान अपनी आवश्यकता के अनुरूप जोत रकबा के आधार पर उर्वरक विक्रय केन्द्रों से उर्वरक क्रय कर सकते हैं।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 23 जोड़ों का हुआ सामूहिक विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना' के अंतर्गत आज जनपद पंचायत डौंडी के ग्राम दिघवाड़ी में सामूहिक विवाह संपन्न हुआ। समारोह में कुल 23 जोड़ों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों और हर्षोल्लास के साथ अपने दांपत्य जीवन की शुरुआत की।

सभी नवविवाहित जोड़ों का विवाह पूरी तरह से पारंपरिक पद्धति से संपन्न कराया गया। योजना के तहत शासन द्वारा दी जाने वाली सहायता राशि और उपहार सामग्री भी जोड़ों को प्रदान की गई, इस मांगलिक अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष डौंडी भोला राम नेताम, नगर पंचायत डौंडीलोहारा अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी, सरपंच कमिथला गावड़े, और उप-सरपंच धर्मेंद्र मांडवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्वजन मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### पूर्व सीएम बघेल ने दीपक चावड़ा को दिलवाई कांग्रेस की सदस्यता

**दुर्ग।** युवा नेता दीपक चावड़ा ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होने यह सदस्यता दुर्ग कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में पूर्व सीएम भूपेश बघेल एवं कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में ली। इस अवसर पर पूर्व सीएम बघेल ने दीपक चावड़ा को पार्टी का गमछा पहनाकर स्वागत किया और कांग्रेस में प्रवेश के लिए बधाई दी। बघेल ने कहा कि दीपक चावड़ा ने विभिन्न संगठनों में रहते हुए लोगों को एकजुट करने का कार्य किया है। उनके कांग्रेस प्रवेश से निश्चित ही कांग्रेस संगठन और अधिक मजबूत और सशक्त बनेगा। दुर्ग कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि सेवाभावी दीपक चावड़ा लंबे समय से लोगों के बीच सक्रिय रहे है। बता दें कि दीपक चावड़ा पूर्व में पद्मनाभपुर वार्ड से पार्षद का चुनाव भी लड़ चुके हैं। पूर्व सभापति राजेश यादव, अजय शर्मा, मध्य ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अलताफ अहमद, इंटुक दुर्ग शहर अध्यक्ष प्रकाश शिवणकर आदि ने उन्हें बधाई दी है।

## किसी ने एक्सपायरी डेट नहीं देखी और कुछ दिन बाद खाया तो तबीयत हो सकती है खराब

# भिलाई के सुशासन तिहार में बांटी गई मई 2026 में एक्सपायर होने वाली दवाएं, अनहोनी का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

दुर्ग जिले में सुशासन तिहार के दौरान एक चौकाने वाला मामला सामने आया है। भिलाई नगर निगम में आयोजित तिहार कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा मई 2026 की एक्सपायरी दवाओं को बांटा गया। यह मामला कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह और विधायक रिकेश सेन के सामने भी आया। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी भी जाहिर की। एक्सपर्ट की माने तो लास्ट मंथ की एक्सपायरी दवा को मरीज को वितरित करने का नियम नहीं है। हालांकि जिम्मेदार डॉक्टरों का तर्क है कि इस दवा 31 मई तक तक खाया जा सकता है।

8 मई शुक्रवार को भिलाई नगर निगम मुख्यालय परिसर में सुशासन तिहार आयोजित किया गया था। इस आयोजन में अलग-अलग विभाग की योजनाओं के लिए विभाग के स्टॉल लगे थे। इसमें स्वास्थ्य विभाग ने भी लोगों का निशुल्क हेल्थ चेकअप कर दवा वितरण का स्टॉल लगाया था। इस स्टॉल में लोगों को जो दवाएं बांटी जा रही थीं, जब उनकी एक्सपायरी डेट चेक की गई तो पाया गया कि जिंक सल्फेट (दस्त की दवा) में जो एक्सपायरी डेट अंकित की गई थी, वो मई 2026 की थी। मीडिया ने इस मुद्दे को उठाया तो कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा ऐसा नहीं हो सकता है। वो इसकी जानकारी लेंगे और अगर ऐसा पाया गया तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### लास्ट मंथ की एक्सपायरी दवा को नहीं है बांटने का नियम




### क्यों नहीं बांटते लास्ट मंथ एक्सपायरी दवा

जब इस बारे में मेडिसिन के कुछ डॉक्टरों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नियम के तहत लास्ट मंथ एक्सपायरी दवा को उस महीने के अंतिम दिन तक खाई जा सकती है, लेकिन इस दवा को वितरण नहीं किया जा सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि जरूरी नहीं कि हर मरीज एजुकेटेड हो। कई लोग दवा को रख लेते हैं और जब उन्हें उससे जुड़ी समस्या होने पर वो लोग उसे बिना एक्सपायरी डेट चेक किए खा लेते हैं। इससे समस्या ठीक होने की बजाय और बढ़ जाती है। एक्सपर्ट का कहना है कि लास्ट मंथ की एक्सपायरी दवा को अस्पताल में डॉक्टर या मेडिकल स्टॉफ अपनी निगरानी में मरीज को खिला सकता है, जिससे की यह तय हो सके की मरीज उसे तुरंत खा रहा है और उससे उसे कोई साइडइफेक्ट नहीं होगा।

### 31 मई तक खा सकते हैं दवा

शिविर में लास्ट मई 2026 की एक्सपायरी दवा वितरित की गई है। यह दवा 31 मई तक खाई जा सकती है। हालांकि मरीज को जो दवा दी गई है, वो सिर्फ तीन दिन का डोज के रूप में देना है। मरीज को बताया गया है कि वो उसे तीन दिन तक लगातार ले। उसे रखकर बाद में ना खाए।

**-डॉ. पियाम सिंह,**
चिकित्साधीक्षक, लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला

### 11 मई को ढौर में सुराज तिहार

**दुर्ग।** ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित शिविरों के माध्यम से लोगों को अब विभिन्न सरकारी सुविधाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिल रहा है। इससे ग्रामीणों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिल रही है और समय की भी बचत हो रही है। शिविर में सबसे अधिक संख्या में लर्निंग लाइसेंस बनाए जा रहे हैं। ग्रामीण केवल आवश्यक दस्तावेज लेकर पहुंच रहे हैं और लगभग आधे घंटे के भीतर उनका लर्निंग लाइसेंस तैयार हो रहा है। इस सुविधा से लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। सबसे अधिक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में 302 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 100 आवेदनों को तत्काल निराकरण किया गया। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीपी, शुगर, सर्दी, खासी, बुखार, सिकलिन की निशुल्क जांच की जा रही है। सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविरों की कड़ी में आगामी 11 मई को जिले के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत जनपद पंचायत पाटन के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, ढौर में शिविर लगाया जाएगा। इसी प्रकार नगरीय निकाय अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के अंतर्गत मंगल भवन भिलाई-3 में शिविर आयोजित होगा। साथ ही नगर पंचायत धमधा के अंतर्गत बजरंग चौक स्थित मंगल भवन में भी शिविर का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के माध्यम से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा।

## पटवारी के रिश्वत मांगने का वीडियो हुआ वायरल, निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

- कलेक्टर ने लिया संज्ञान, एसडीएम को कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम को पटवारी पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश के परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भिलाई-03 महेश सिंह राजपूत ने तहसील कार्यालय अहिवारा में संलग्न पटवारी लेकेश्वर सिंह ठाकुर को भूमि के बंटवारे के एवज में पक्षकार से राशि लेने और कर्तव्य निर्वहन में गंभीर लापरवाही के आरोप में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 09(1)(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में पटवारी श्री ठाकुर का मुख्यालय तहसील कार्यालय अहिवारा निर्धारित किया गया है। लेकेश्वर सिंह ठाकुर को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

ज्ञात हो कि सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसकी सत्यता की जांच तहसीलदार अहिवारा द्वारा की गई। जांच के दौरान वायरल वीडियो के परिप्रेक्ष्य में श्री अमन कुमार टंडन, भूमिस्वामी श्री उत्तम टंडन एवं हल्का पटवारी लेकेश्वर सिंह ठाकुर का कथन दर्ज किया गया। जिसमें पक्षकारों द्वारा भूमि बंटवारा के नाम पर पटवारी को 45,000 रुपये दिया जाना बताया गया। पटवारी लेकेश्वर सिंह ठाकुर ने अपने कथन में स्वीकार किया कि उन्होंने पक्षकार की माता से राशि ली थी और वायरल वीडियो में उक्त राशि को वेतन मिलने के बाद वापस करने की बात कही थी। एसडीएम ने इसे छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-03 एवं नियम-14 के विपरीत और कदाचरण की श्रेणी में पाते हुए उक्त कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।

## योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक पहुंचाने का संकल्प




**दुर्ग/अंडा।** भारतीय जनता पार्टी अंडा-निकुम मंडल की बैठक अंडा में हुई। बैठक में मंडल प्रभारी नितेश साहू विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने मंडल प्रभारी होने के नाते संगठन के आगामी कार्यक्रमों एवं गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। साहू ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता है। देश के लगभग 75 प्रतिशत प्रदेशों में भाजपा की सरकार कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं संगठन की मजबूती का परिणाम है। भाजपा वर्ष के 365 दिन और 24 घंटे जनसेवा एवं संगठन विस्तार के लिए कार्य करने वाली पार्टी है। अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक के नेतृत्व में जिला संगठन लगातार मजबूत हो रहा है। वे सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को बारीकी से समझते और समझाते हुए निरंतर मजबूती प्रदान कर रहे हैं, जिससे कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा एवं उत्साह का संचार हो रहा है। बैठक में मौजूद जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए संगठन विस्तार एवं कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, लीलेश साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## प्रशिक्षण कार्यशाला कल

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन का प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला 10 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्मल ज्ञान मंदिर नेहरू नगर भिलाई में आयोजित है। इसमें छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित है। संगठन के वार्षिक कार्ययोजना पर विस्तार से विचार विमर्श पश्चात समय बद्ध वार्षिक कार्ययोजना का निर्धारण किया जाएगा। अध्यक्ष मेघनाथ यादव ने सभी पदाधिकारियों को उपस्थित होकर कार्यशाला को सफल बनाने की अपील की है। यह जानकारी महामंत्री लखन लाल साहू ने दी।

## मानवता, सेवा और सहयोग की भावना को जीवन में आत्मसात करने का लिया संकल्प



**दुर्ग।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने जिलेवासियों एवं रेडक्रॉस से जुड़े स्वयंसेवकों को शुभकामनाएँ दीं। गंजपारा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में उन्होंने रेडक्रॉस काउंसलरों से मुलाकात कर उनके द्वारा किए जा रहे मानव सेवा एवं जनजागरूकता कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किये। कॉउंसलर ने विश्व रेडक्रॉस दिवस के उपलक्ष्य में जिले में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से रेडक्रॉस पखवाड़ा की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने मानवता, सेवा और सहयोग की भावना को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि रेडक्रॉस की वास्तविक पहचान उसकी सेवा भावना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में सदैव मानव सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए तथा समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने युवाओं एवं विद्यार्थियों से रेडक्रॉस के मूलमंत्र को अपनाते हुए समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

## नशे के कारण बढ़ रहे अपराध



**दुर्ग।** समाजवादी पार्टी के शहर अध्यक्ष शेख रज्जाक ने दुर्ग जिले में लगातार हो रही अपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके मूल में नशाखोरी प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही किए जाने के बावजूद सूखा नशा शहर और ग्रामीण इलाके के कोने-कोने में पहुंच गया है जिसके चलते ही मारपीट हत्या लूटपाट जैसी वारदातें हो रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन को नशा के खिलाफ अभियान और तेज करना चाहिए जिससे अपराधियों में खौफ उत्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि वारदातों के पीछे शराबखोरी भी प्रमुख कारण माना जा सकता है। शराब दुकानों में उमड़ते भीड़ को देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि शहर और ग्रामीण इलाके के आधी आबादी नशे की गिरफ्त में है और नशे में आदमी अच्छा बुरा नहीं सोचता और वारदात को अंजाम दे देता है।

## ट्रांसपोर्ट नगर के 59 भूखंडों की नीलामी 11 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में हथखोज स्थित ट्रांसपोर्ट नगर की भूखंड को तीस साल के लीज पर दिया जाएगा। निगम के संपदा विभाग द्वारा हथखोज ट्रांसपोर्ट नगर व्यवसायिक भू-खण्डो की नीलामी की प्रक्रिया शुरु हो गई है।

ट्रांसपोर्ट नगर फेस-1 के 9 ब्लाको के 59 भू-खण्डो को प्रथम पाली में आम नीलामी के माध्यम से बेचने की तैयारी हो चुकी है। संपदा विभाग प्रभारी राजू वर्मा ने बताया कि हथखोज ट्रांसपोर्ट नगर व्यवसायिक परिसर में रिक्त भू-खण्डो को आम नीलामी की कार्यवाई अधिकतम राशि पर 11,12 ,13, 14 मई को किया जाना है। ब्लॉक 35 के 15 भू-खण्ड जिनकी सरकारी बोलो 1271300 रूपये और आकार 915=135 वर्ग मी. है। नीलामी 11 मई को होगी। इसके बाद लगातार चार दिनों तक नीलामी को अलग-अलग ब्लॉक से कुल 59 भू-खण्डो का होना है। इसके बाद निर्धारित तिथियों पर जिन भू-खण्डों की नीलामी नही हुई होगी उन सभी को पुनः 15 मई को नीलामी करने बोलीदाता आमंत्रित रहेगें।

नीलामी में हिस्सा लेने वाले व्यक्ति को धरोहर राशि डीडी बैंकर चेक नीलामी शुरु होने के 1 घण्टा पूर्व जमा करना होगा। उच्चतम एवं द्वितीय क्रम बोलीदाता का धरोहर राशि रोक कर शेष बोलीकर्ता का धरोहर राशि नीलामी खत्म पश्चात वापस कर दी जाएगी। नीलामी से जुड़े नियम शर्त का विस्तृत जानकारी निगम के संपदा विभाग से अवलोकन किया जा सकता है। राशि 500 रुपए जमा कर नियम शर्त का प्रति प्राप्त कर सकते है। नीलामी शर्त कंडिका 1 से कंडिका 30 लागू होगी। बोलीदाता को सरकारी बोली से अधिक राशि पर बोली प्रांरभ करना होगा।

## जनसमस्या निवारण शिविर परसदा में प्राप्त हुए 89 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कुम्हारी



सुशासन तिहार के अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसदा के राजीव भवन में संम्पन्न हुआ जिसमें वार्ड क्रमांक 13 और 16 में निवासरत लोगों ने अपनी मांग एवं शिकायत आवेदन के माध्यम से विभिन्न विभागों को दी। शिविर में राशन कार्ड, लोक निर्माण विभाग, जल विभाग, आधार कार्ड, निशुल्क ई केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन शाखा में जन्म, मृत्यु, विवाह प्रमाण पत्र, बिजली विभाग, श्रम विभाग पुलिस विभाग द्वारा 'आपकी जन मित्र' नशा, साइबर, यातायात जैसे समस्याओं का निराकरण हेतु आवेदन लिया गया। शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चियों को सेनेटरी पैड तथा पोषण आहार का वितरण किया गया साथ ही नवीन राशन कार्ड का वितरण भी किया गया। शिविर में सभी विभाग के अधिकारियों द्वारा बारी-बारी से मंच में आकर सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए आवेदन कैसे करना हैं तथा क्या-क्या दस्तावेज की आवश्यकता है इस बात की जानकारी दी। शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चला। उक्त शिविर में विभिन्न विभागों के कुल 89 आवेदन प्राप्त हुए जिसमे मांग को लेकर 63 एवं शिकायत के 26 आवेदन शामिल हैं जिनमे सबसे अधिक मांगों में राशन कार्ड के 18 एवं लोक निर्माण के 18 मांग शामिल हैं वहीं शिकायतों में सबसे अधिक लोक निर्माण विभाग के 9 एवं खाद्य विभाग के 7 आवेदन प्राप्त हुए।

नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने सम्बंधित विभाग को तत्काल समस्याओं को निराकरण करने का आदेश दिया उन्होंने कहा कि शिविर के आयोजन का उद्देश्य ही यही है कि लोगों की मांगों और शिकायतों का शीघ्र से शीघ्र निवारण हो। इस शिविर में एसडीएम महेश सिंह राजपूत नायब तहसीलदार कुंदन शर्मा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, इंजीनियर अतुल सिंह, पीआईसी मेंबर अश्वनी देशलहरे, उमाकांत साहू, वार्ड 13 परसदा के पार्षद डिकेंद्र साहू, पार्षद ओंकार मार्कण्डेय, सांसद प्रतिनिधि मिथिलेश यादव आदि उपस्थित थे।

## निगम आयुक्त के निज सहायक की पिटाई, थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

- पद्मनाभपुर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

नगर निगम दुर्ग आयुक्त सुमित अग्रवाल के निज सहायक गौतम साहू की कपड़ा फटते तक पिटाई करने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पद्मनाभपुर पुलिस ने बताया कि निगम के प्लेसमेंट कर्मी गौतम साहू ने वाट्सअप पर देवी देवताओं, धर्म गुरुओं पर गलत कमेंट किया था। इसका स्क्रीन शॉट बजरंग दल, हिंदू संगठनों को मिला तो आक्रोशित हो गए। घटना 8 मई की सुबह की है। निगम दफ्तर में कार्यकर्ताओं ने घुसकर कर्मी गौतम साहू को पकड़ बाहर निकाला। उसे बजरंग दल, हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने इतना पीटा कि गौतम का कपड़ फट गया। खबर लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची।



बजरंग दल ने निगम कर्मी के खिलाफ जुर्म दर्ज करने की लिखित शिकायत पुलिस से किया है। दुर्ग नगर निगम में पदस्थ आयुक्त का निज सहायक गौतम साहू है। उसका निगम की एक महिला कर्मी के साथ निजी व्हाट्सएप चैट से यह घटना सामने आई है। चैट में हिंदू देवी-देवताओं और धार्मिक गुरुओं के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया। इसका स्क्रीनशॉट वायरल होने के बाद हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने मारपीट करने वालो का भी शिनाख्त करने में जुटी हुई है।जल्द उनके खिलाफ नामजत अपराध कायम किया जाना है।

### जल संरक्षण के लिए वैज्ञानिक सफाई जरूरी : पाण्डेय

# जलकुंभी से अटा नेहरू नगर का भेलवा तालाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

नेहरू नगर स्थित भेलवा तालाब गुरुनानक सरोवर की बदहाल स्थिति को लेकर क्षेत्रीय रहवासियों और सामाजिक संगठनों में गहरी चिंता देखी जा रही है। वर्ष 2008 में निर्मित यह तालाब पिछले करीब 18 वर्षों से नेहरू नगर क्षेत्र के लोगों के लिए सुबह-शाम घूमने, योग, व्यायाम और सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र रहा है, लेकिन अब इसकी हालत लगातार खराब होती जा रही है।

तालाब परिसर में लाफ्टर क्लब, योगा गतिविधियां, वॉकिंग ट्रैक और ओपन जिम जैसी सुविधाएं होने के बावजूद रखरखाव के अभाव में पूरा क्षेत्र अव्यवस्था का शिकार हो चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब की हालत देखकर यह समझना मुश्किल हो गया है कि यहां स्वच्छ वातावरण बचा है या प्रदूषण फैल रहा है। रहवासियों के अनुसार तालाब का वैज्ञानिक तरीके से डीसिल्टेशन यानी तल की सफाई और पानी की निकासी वर्षों से नहीं हुई है। इसके चलते तालाब में कचरा, गंदगी और कमल गुट्टा बड़ी मात्रा में जमा हो गए हैं। हालत यह है कि कई जगहों पर तालाब की रिटर्निंग वॉल भी क्षतिग्रस्त होकर जर्जर हो चुकी है। स्थानीय नागरिकों ने आशंका जताई है कि तालाब के दूषित पानी का असर आसपास के नलकूपों के जलस्तर पर भी पड़ सकता है, जिससे लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने में खतरा बढ़ रहा है।



### तकनीकी तरीके से हो भेलवा तालाब का जीर्णोद्धार

बदहाल स्थिति को लेकर अब इसके वैज्ञानिक और तकनीकी तरीके से जीर्णोद्धार की मांग उठाई गई है। नेहरू नगर निवासी पूर्व कार्यपालन अभियन्ता नलकूप संभाग जलसंसाधन विभाग दुर्ग और सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियन्ता जलसंसाधन अरुणाचल प्रदेश वीएन पाण्डेय ने बताया कि तालाब कि साधारण सफाई से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि हाइड्रो लॉजिस्टिक विशेषज्ञों की निगरानी में वैज्ञानिक डिसिल्टेशन कराया जाना चाहिए। तालाब की सफाई और डी-सिल्टेशन कार्य में केन्द्रीय भूजल बोर्ड, भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय की तकनीकी सहायता ली जानी चाहिए। खास बात यह है कि केन्द्रीय भूजल बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर में स्थित है। इसके अलावा देश का एकमात्र राजीव गांधी नेशनल ग्राउंड वाटर ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट भी रायपुर में ही संचालित है। ऐसे में विशेषज्ञ संस्थानों की मदद से तालाब का बेहतर और स्थायी पुनर्जीवन संभव हो सकता है।

## नकली जेवरात देकर दुकान से असली लेने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** नकली जेवरात देकर दुकान से असली हासिल कर फरार होने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम पारकना, थाना मुंगावली, जिला अशोकनगर एमपी निवासी राजेश साहू, ग्राम अमनचार एमपी प्रदीप श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया गया है। घटना की शिकायत धुबन वाटिका खंडेलवाल कॉलोनी दुर्ग निवासी आशीष जैन ने पुलिस से की थी। उन्होने पुलिस को बताया कि दो युवक उसके ज्वेलरी शॉप पहुंचे थे। अपने पास रखे पुराने चांदी के पायल,हाथ का कड़ा दिखाकर उससे असली चांदी का होना बताकर पुराने चांदी के जेवर के बदले नया चांदी का सामान साथ लेकर फरार हो गए। दुकान बंद करते समय पीड़ित पुराने पायल की जांच करने पर नकली निकला। जांच करने पर पुलिस टीम ने निरीक्षण, सीसीटीव्ही फुटेज पीड़ित के कथन, आरोपी का आधार कार्ड को लेकर आरोपियों की तलाश में पुलिस जुट गई। मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन स्थित यात्री प्रतीक्षालय में घेराबंदी कर दो को पकड़ा गया। पूछताछ में अपना नाम युवकों



ने ग्राम पारकना, मुंगावली, जिला अशोकनगर एमपी निवासी राजेश साहू, ग्राम अमनचार, मुंगावली, जिला अशोकनगर एमपी प्रदीप श्रीवास्तव होना बताया है। आरोपियों ने नकली पायल देकर असली जेवरात लेकर फरार होकर ठगी किया। आरोपियों के पास से एक जोड़ी चांदी का पायल, महावीर ज्वेलर्स की खरीद रसीद जप्त की गई।

## सालों से निवासरत पात्र परिवारों को पट्टा प्रदान करने की मांग




**भिलाई।** नगर निगम भिलाई-चरोदा अंतर्गत अनुसुईया नगर, बिजली नगर, राजीव नगर वार्ड 41 के निवासियों ने मेहनतकश आवास अधिकार संघ के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), भिलाई-3 कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए पात्र परिवारों को पट्टा देने की मांग की गई। इससे पूर्व 4 मई को उक्त बस्तियों के परिवारों की ओर से सामूहिक आवेदन प्रस्तुत कर संबंधित क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर पात्र परिवारों को पट्टाधृति अधिकार (पट्टा) प्रदान करने की मांग की गई थी। शुक्रवार प्रस्तुत किए गए आवेदनों के साथ आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, बिजली बिल, राशन कार्ड, फोटो और अन्य आवश्यक दस्तावेज संलग्न किए गए जो संबंधित परिवारों के दीर्घकालीन निवास और पात्रता को प्रमाणित करते हैं। बस्ती के परिवारों ने कहा कि वे पिछले 15 से 30 वर्षों से अधिक समय से उक्त शासकीय भूमि पर निवासरत हैं। अधिकांश परिवार मेहनतकश और दिहाड़ी मजदूर हैं, जिनका जीवन, रोजगार और बच्चों की शिक्षा पूरी तरह इसी क्षेत्र से जुड़ी हुई है। संघ ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित क्षेत्रों का शीघ्र सर्वेक्षण और स्थल निरीक्षण कर पात्र परिवारों को पट्टाधृति अधिकार प्रदान किया जाए। इस दौरान अमीत वर्मा, शमा, कामिनी, मिना देवी, पुष्पा, सुमीत्रा, कंचन, मोहाल सिंह, सावित्री, निरा डेहरीया, कलादास डेहरिया आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### ढाई लाख की चोरी

**भिलाई।** शादी में शामिल होने गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात व नगदी पार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि प्लांट नंबर 20 एकता चौक कैलाश नगर भिलाई निवासी अजय कुमार सिंह डिस्लरी में प्राईवेट जाब करता है। शादी में शामिल होने मकान में ताला जड़कर परिवार समेत गए थे। लौटकर वापस घर पहुंचने पर कुलर का ग्रिल टुटा पड़ा मिला। मकान के भीतर प्रवेश करने पर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। मकान से अज्ञात ने सोना चांदी के जेवरात नगदी 1 लाख रूपये गायब मिला। चोरी हुए सामानों की कुल कीमत 2.50 लाख रुपए आंकी गई है।

### रोजगार मेला का आयोजन 11 व 12 मई को

**उतई।** शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय उतई के वर्तमान सभी संकायों के अंतिम स्नातक, स्नातकोत्तर छात्र-छात्राएं एवं भूतपूर्व छात्रों के लिए 11 मई एवं 12 मई को सुबह 10.30 बजे रोजगार मेला का आयोजन होगा। इसके लिए पंजीकरण लिंक https://forms.gle/RWgBXedQYrx9W5pRA में इच्छुक छात्र-छात्राएं अपना निःशुल्क पंजीयन करवाकर निर्धारित तिथि एवं समय पर वांछित दस्तावेजों एवं रंगीन दो फोटो के साथ उपस्थित हो जाये। उक्त जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे ने दी है।

### औसर में मनरेगा कार्य का हुआ शुभारंभ

**सेलूद।** ग्राम पंचायत औंसर में व्हीबीजी रामजी के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम के सरपंच प्रियालता महिपाल, पंचगण एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर सरपंच ने बताया कि औंसर बांध के उलट पर नाला संधारण निर्माण एवं जल संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इन कार्यों के माध्यम से गांव के विकास के साथ-साथ स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। इस अवसर पर सरपंच प्रियालता महिपाल ग्राम पंचायत औंसर डिघारी के पंचगण सुरेश वर्मा, रोशनी चतुर्वेदी, श्यामा भारती, त्रिवेणी भारती, अनिता ठाकुर, रोजगार सहायक भूषण वर्मा, मेट खुबूराम भारती, लता जागे, संजय यादव, कुंती धनकर, लीना मानिकपुरी, अंजु महिपाल एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### स्व. विनोद के श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए लोग

**दुर्ग।** स्व. कृष्ण कुमार विनोद के श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन चोपड़ा पैलेस आदर्श नगर दुर्ग में हुआ। वे शुरू से ही गायत्री परिवार से जुड़े रहे और गायत्री परिवार का संदेश जनजन तक पहुंचाने का कार्य किया। कार्यक्रम में आंजनेय मानस परिवार अंबागढ़ चौकी की भजन मंडली ने भजन प्रस्तुत किया। इस दौरान पुत्र सूर्यकान्त, रविकांत, आरची सोलर के डायरेक्टर रजनीशकांत व समस्त विनोद परिवार से शामिल थे।

### चावल महोत्सव के साथ रोजगार दिवस मना

**अंडा।** सिरसिदा में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान चावल महोत्सव के साथ रोजगार दिवस एवं आवास दिवस कार्यक्रम भी संपन्न हुआ।


न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, दल्लीराजहरा जिला बालोद (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

क्रमांक /178/ प्र./अति.तह. / 2026
दल्लीराजहरा, दिनांक 06/05/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं कि आवेदक अजय मुखर्जी पिता विवेकानंद जाति ब्राम्हण निवासी वार्ड क्र. 10 चिखलाकसा तहसील डौण्डी जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश कर लेख किया है कि नगर पंचायत चिखलाकसा प.ह.नं. 10 स्थित भूमि खसरा नंबर 1112 रकबा 900 वर्गफीट एवं खसरा नंबर 1318/1 रकबा 0.21 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त वाद भूमि के भूमिस्वामी विवेकानंद पिता कृष्णापद की मृत्यु दिनांक 15/11/2025 को हो गई है। भूमिस्वामी द्वारा अपने जीवन काल में दिनांक 25/03/2021 को पंजीकृत वसीयतनामा आवेदक के पक्ष में निष्पादित किया गया है। आवेदक द्वारा पंजीकृत वसीयतपत्र के आधार पर आवेदित भूमि को स्वयं के नाम पर नामांतरण करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा / आपत्ति हो तो वह अपना लिखित आपत्ति दिनांक 21/05/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 06/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दल्लीराजहरा


## सुशासन तिहार: दिव्यांगता प्रमाण पत्र बना, सामग्रियों का हुआ वितरण

# घीना जनसमस्या निवारण शिविर में 25 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण लाभान्वित, 450 आवेदनों का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

सुशासन तिहार अंतर्गत डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम घीना में जनसमस्या निवारण शिविर मे घीना कलस्टर में शामिल आसपास के 25 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में आज विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 906 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 450 आवेदनों को मौके पर निराकरण सुनिश्चित किया गया।

शासकीय हायर सेण्डरी स्कूल मैदान घीना में शुक्रवार को आयोजित शिविर में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, जनपद अध्यक्ष कांति सोनबरसा, जिला पंचायत सदस्य गुलशन हिरवानी एवं अन्य अतिथियों के द्वारा हितग्राहियों को स्वामीत्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख का वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास पूर्णता प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड, नया राशन कार्ड, मत्स्य पालन प्रसार योजना अंतर्गत हितग्राहियों को जाल एवं आईस बॉक्स वितरण के अलावा शासन के अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस दौरान मेडिकल बोर्ड में शामिल विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने पहुँचे दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी बनाया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यनपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने शिविर शिविर के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। चंद्रवंशी ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के दौरान प्रशासनिक अमले के द्वारा आम जनता के बीच पहुँचकर उनके मांगों एवं वास्तविक समस्याओं से रूबरू होकर उनका समुचित निराकरण सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर में उपस्थित लोगों को तेजी से घटते भूजल स्तर एवं भविष्य में जल संकट की चुनौतियों को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा जिले में चलाए जा रहे नीर चेतना अभियान के संबंध में भी जानकारी दी।






### जलसंकट से बचाने नीर चेतना अभियान की सीईओ ने दी जानकारी

इसके लिए उन्होंने सभी नागरिकों से पानी के संरक्षण एवं संवर्धन करते हुए पानी के एक-एक बूंद का सदुपयोग करने का आग्रह भी किया। इसके अंतर्गत उन्होंने कृषकों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले सरसों, तिवड़ा, कुसुम, इत्यादि दलहन-तिलहन फसल का उत्पादन करने तथा किसी भी स्थिति में ग्रीष्मकाल में धान का फसल नही लगाने की समझाईश भी दी। उन्होंने वर्तमान में संपूर्ण देश की भांति बालोद जिले में भी चल रहे जनगणना 2027 के कार्य के संबंध में भी जानकारी दी। इसके अंतर्गत उन्होंने सभी नागरिकों से प्रथम चरण के जनगणना के कार्य के अंतर्गत मकानों की सही-सही जानकारी प्रगणकों को प्रदान करने को कहा।

### बालविवाह रोकने निभाएं सक्रिया भागीदारी

कांति सोनबरसा ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से लेकर प्रदेश के मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा संपूर्ण प्रशासनिक अमला आम जनता के बीच पहुँचकर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्वयन की स्थिति का पड़ताल कर रहे हैं। इसके अलावा शासन-प्रशासन के लोगों के द्वारा आम जनता के वास्तवित मांगों एवं समस्याओं से वाकिफ भी हो रहे हैं। सभी को पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के अलावा इसका विवेकपूर्ण उपयोग करने की शपथ दिलाई। बाल विवाह के रोकथाम हेतु सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की भी शपथ दिलाई। जिला पंचायत सदस्य गुलशन हिरवानी ने सुशासन तिहार के आयोजन की सराहना करते हुए अंचल के प्रमुख मांगों एवं आवश्यकताओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।

### इन गांवों के निवासी पहुंचे शिविर में

घीना में आज आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम पापरा, बुन्देली, रानीतराई कि, किसना, सिंगारपुर, भालूकोन्हा, हड़गहन, भुरकाभाट, मनकी क, केवट नवागांव, सुरेगांव, झिटिया, परसाडीह सु, फरदफोड़, भण्डेरा, घीना, मुढिया, भेडी सु, अहि. नवागांव, कसहीकला, बीजाभाठा, डेंगरापार, मुडखुसरा, भीमकन्हार और हथौद सहित 25 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणजन शामिल हुए थे।

## सशिमं की 3 छात्राएं 5वीं की जिला मेरिट सूची में







हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

जिले के टॉप टेन में सरस्वती शिशु मंदिर नगर पंचायत पलारी के तीन बालिकाओ ने स्थान प्राप्त किया है।

सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय नगर पंचायत पलारी के भैया बहनो ने प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा 2026 में जिला बालोद के मेरिट सूची में कक्षा पंचम में बहन रागनी ने 97.50 लेकर पंचम स्थान तथा खुशबू पिता खुशीकुमार 96.50 लेकर सांतवा स्थान प्राप्त किया। पूर्व माध्यमिक प्रमाण पत्र परीक्षा 2026 में जिला बालोद के मेरिट सूची में कक्षा अष्टम में बहन पूजा सेन पिता इकलेन्द्र सेन ने 97.83 लेकर पांचवा स्थान प्राप्त किया है। सरस्वती शिशु मंदिर मे सभी भैया बहनो का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है।

सरस्वती शिशु मंदिर नगर पंचायत पलारी के संयोजक लखन लाल गुरूपंच, प्रधानाचार्य राजमणि साहू, ओकारेश्वर, शिक्षण समिति के अध्यक्ष चन्द्रहास वैका, सचिव नंदराम साहू समस्त सदस्यगण एवं दीदी खेमीन गंगबेर, कुसुमलता साहू, रेशमा यादव, भामिनी साहू, भारती साहू, गीतांजली साहू, आचार्य प्रवीण कुमार साहू, वेकेटेश्वर साहू, मोपेन्द्र साहू ने सफल बच्चों का अभिनंदन कर मार्गदर्शन दिया।

## ग्राम बेलमांड में पांच दिनी मुक्तानुभूति प्रवचन सम्पन्न

### पंडवानी और भजनों से बिखरी छत्तीसगढ़ी संस्कृति की महक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

ग्राम बेलमांड में विगत 5 मई से 9 मई तक आयोजित मुक्तानुभूति प्रवचन का आयोजन मुक्तनुचर स्वामी वीरेश्वर शिष्य डॉ कन्हैया लाल साहू परिवार द्वारा किया गया है। है।

रात्रि में लगातार तीन दिन स्वामी वीरेश्वर देव जी के शिष्य वेदमती शैली के प्रख्यात पंडवानी गायक प्रहलाद निषाद सिंघनगढ़ ने अपनी पंडवानी की प्रस्तुति दी। आखिरी दिन आदि पर्व की कथा मे कर्ण के सेनापति बनकर प्रण करने और मां कुंती को मां के रूप में परिचय पाने की कथा का वेदांत शैली में प्रस्तुति दी। चांदैनी, भरथरी, मुक्तमंदाकिनी के भजनो के साथ पंडवानी की प्रस्तुति ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति की सोंधी महक बिखेरी। आखरी पंचम दिवस आध्यात्मिक प्रवचन की शुरुआत करते माता गिरिजा देवी शर्मा ने गुरु की महिमा बताते कहा कि भक्ति रूपी शबरी की प्राप्ति के बाद किसे मिलने कहा की प्रथम भक्ति संतान कर संग और संत (सद्गुरु) की प्राप्ति से क्या मिलेगा,



गुरु महिमा कहते कहा कि मानस में पांच मणि का वर्णन आता है, नाम में मणि, भक्ति में मणि, कथा में मणि, चिंतामणि, रघुकुल मणि अर्थात स्वयं भगवान मणि। जिस घर में गुरु भक्त का जन्म होता है वह कुल धन्य हो जाता है, यथा श्रुति कहती है कुलम पवित्रतम। शास्त्र कहती है धन्यो माता पिता धन्यो धन्यो गोत्रम कुललोदभव। धन्यो च वसुधा देवी यत्र स्याद गुरु भक्तता। गुरु भक्ति से क्या मिलता है मुक्तानुभूति कराते कहा निजानंद मस्ती में मै घूमता हुं, कहा कौन कैसा मै ढूंढता हुं। कार्यक्रम मे आस पास के गांव के सांथ बालोद, बेमेतरा, कवर्धा, खैरागढ़-गंडई- छूहीखदान, धमतरी, कांकेर, दुर्ग, राजनांदगांव जिले के मुक्तनुचार गणों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दी। उक्तशय की जानकारी स्वामी आत्मा राम कुम्भज के शिष्य डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत मानस मणि ने प्रदान की।

## सशिमं में प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं व अभिभावकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के मार्गदर्शन में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय रामनगर डौंडीलोहारा में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद विवेकानंद सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रादेशिक सचिव सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ सियाराम सार्वा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डोमार सिंह साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षक भगवती प्रसाद दुबे तथा बेनीराम देवांगन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ओम एवं भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजन-अर्चन कर किया गया। अतिथि परिचय वरिष्ठ आचार्य अशोक सिन्हा ने कराया। इस दौरान अनुराधा चौहान ने लक्ष्य वाचन, स्वाति यादव ने अमृत वचन तथा




रागिनी गावड़े ने गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि सियाराम सार्वा ने अपने उद्बोधन में नई शिक्षा नीति 2020 के तहत भाषा, तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अभिभावकों से बच्चों की शैक्षणिक व सामाजिक गतिविधियों में सहभागी बनने की अपील की। वहीं भगवती प्रसाद दुबे ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों का झुकाव मोबाइल की ओर अधिक हो रहा है, जो भविष्य के लिए चिंताजनक है। उन्होंने शिक्षा के साथ संस्कारों को भी आवश्यक बताया। प्राचार्य डोमार सिंह साहू ने वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए बताया कि अरुण से लेकर नवम तक सभी कक्षाओं का परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जबकि कक्षा दशम का परीक्षा परिणाम भी उत्कृष्ट रहा। उन्होंने कहा कि शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थियों की सजगता से ही सफलता मिलती है। संस्कारयुक्त शिक्षा आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। विद्यालय के परीक्षा प्रभारी सेवंत देवांगन ने कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं सर्वाधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रफुल्ल देशमुख ने किया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों, आचार्यों, दीदियों एवं अभिभावकों का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय के प्रचार-प्रसार प्रमुख अशोक सिन्हा ने कार्यक्रम की जानकारी दी।

## भाजयुमो जिला बालोद की प्रथम परिचयात्मक बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बालोद की प्रथम परिचयात्मक बैठक भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गुलशन साहू के नेतृत्व में भाजपा जिला कार्यालय बालोद में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन थे, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पवन साहू, प्रदेश लघुवनोपज उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मर, केसी पवार सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिले में निवासरत युवा मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारीगण, जिला पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री सहित युवा मोर्चा का संपूर्ण कार्यकारी परिवार बड़ी संख्या में सम्मिलित हुआ। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का परिचय कराया गया तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने, युवाओं को




संगठन से जोड़ने, बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को लेकर लगातार कार्य कर रहा है, संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। युवाओं को समाज सेवा, राष्ट्रहित एवं संगठन विस्तार के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया गया। बैठक में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन हित में पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

## आधार कार्ड से की लाखों की ठगी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** आधार कार्ड में मोबाइल नंबर बदलकर लाखों का लोन लेकर ठगी करने का मामला सामने आया है। नेवई पुलिस ने बताया कि रूआबांधा निवासी राजेश का रिसाली में मुक्ता कम्प्यूटर एंड च्वाईस सेंटर मैत्री नगर में है। अज्ञात व्यक्ति ने आधार कार्ड में लिंक मोबाइल नंबर को बदलकर बैंक में खाता खोलकर 2.96 लाख 443 लोन लेकर ठगी की। आधार कार्ड में बिना अनुमति पहचान का दुरुपयोग कर मोबाइल नंबर बदलने, अज्ञात बैंक में खाता खोला है। 21 अप्रैल को आधार कार्ड से जुड़ा मोबाइल नंबर बिना मेरी जानकारी एवं अनुमति के बदल दिया गया। 27 अप्रैल को जानकारी होने पर शिकायत पुलिस से की। मोबाइल नंबर अज्ञात व्यक्ति का है। बहरहाल मामले में जांच की जा रही है।

## पेज 11 के शेष

### ट्रांसफार्मर हटाने के...

परिवार और आसपास के लोग हमेशा डर के साए में जी रहे हैं। परिवार द्वारा इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन से गुहार लगाई जा चुकी है। कलेक्टर, विधायक, सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह तक को पत्र भेजा गया, वर्ष 2018 में कनिष्ठ अभियंता को आवेदन दिया गया। हाल ही में जनसमस्या निवारण शिविर में भी शिकायत दर्ज कराई गई। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। परिवार का आरोप है कि विभाग की ओर से कहा जाता है कि यदि ट्रांसफार्मर हटवाना है तो 198684 रुपए जमा करना होगा, जिसके कारण वे आर्थिक रूप से मजबूर होकर यह खतरा झेलने को विवश हैं। वर्ष 2023 में "समाधान तुंहर द्वार" कार्यक्रम में आवेदन देने पर विभाग की ओर से पत्र जारी कर बताया गया कि कनिष्ठ यंत्री अर्जुन्दा द्वारा सर्वे में पाया गया कि ट्रांसफार्मर हटाने के लिए वैकल्पिक जगह उपलब्ध नहीं है, इसलिए इसे वर्तमान स्थान पर ही रखा जाएगा। साथ ही यह भी कहा गया कि यदि अन्य स्थान उपलब्ध कराया जाता है, तो कार्रवाई की जाएगी।

**ग्रामीणों में नाराजगी, सुरक्षा की मांग:** इस पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों में भी नाराजगी है। उनका कहना है कि जब पहले ही एक जान जा चुकी है, तब भी प्रशासन गंभीर नहीं है, जो चिंता का विषय है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस ट्रांसफार्मर को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया जाए, ताकि किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके। ट्रांसफार्मर का ग्रीप भी खतरनाक रुप से खुला व अव्यवस्थित तरीके से उपेक्षित पड़ा है। विभाग इस दिशा मे उदासीन है।

### मां कौशल्या के ...

पाटेश्वर धाम के संत रामबालक दास महात्यागी होंगे। आयोजन के संबंध में जानकारी देते हुए आयोजक प्रमोद जैन ने बताया कि यह कार्यक्रम मातृशक्ति और आध्यात्मिक चेतना को समर्पित है। पाटेश्वर धाम के संत रामबालक दास अपने ओजस्वी प्रवचनों के माध्यम से मां कौशल्या के त्याग और भगवान राम के आदर्शों पर प्रकाश डालेंगे।

## मवेशी से टकराई बाइक, घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**अंडा।** अंडा थाना क्षेत्र से एक दुखद सड़क हादसे की खबर सामने आई है। गुरुवार को रात्रि लगभग 7.45 बजे टायर फैक्ट्री डौकीडीह रोड, अंडा के पास एक बाइक सड़क पर अचानक आए मवेशी से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिनकी बाद में इलाज के दौरान मौत हो गई। थाना अंडा प्रभारी पारस राम ठाकुर से मिली जानकारी के अनुसार मृतका रेखा बाई साहू उम्र 42 वर्ष, निवासी उतई अपने बहनोई के साथ बाइक में सवार होकर गुण्डरदेही से उतई लौट रही थीं। इसी दौरान टायर फैक्ट्री डौकीडीह रोड के पास अचानक बाइक के सामने मवेशी आ गया। चालक संभल पाता, उससे पहले ही बाइक मवेशी से जा टकराई और दोनों सवार सड़क पर गिर पड़े। हादसे में रेखा बाई साहू को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मदद करते हुए सूचना दी, जिसके बाद 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायल महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा उपचार शुरू किया गया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। शव का मर्ग पंचनामा कर विधिवत कार्रवाई की जा रही है। इस हादसे के बाद मृतिका के परिवार में मातम पसरा हुआ है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कक्षा 5 वीं में दिव्यांश साहू को 97.5 प्रतिशत मिला



**गुरूर।** स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल अरमरीकला के छात्र ग्राम तितुरगहन निवासी दीव्यांश साहू पिता सुनील साहू, माता गायत्री साहू ने कक्षा 5 वी मे 97.5प्रतिशत अंक प्राप्त किया। उनकी इस सफलता पर स्कूल परिवार और परिजनों ने हर्ष व्यक्त किया।

### जिला सतनामी समाज की बैठक आज

**बालोद।** जिला सतनामी समाज एवं निर्णायक कमेटी जिला सतनामी समाज बालोद की बैठक सतनाम भवन करहीभदर तहसील बालोद में 10 मई दोपहर 1 बजे रखी गई है। जिसमें जिला अध्यक्ष संजय बारले एवं जिला, समस्त तहसील पदाधिकारी उपस्थित होंगे, जिला स्तर पर प्राप्त आवेदनों का निराकरण करेंगे तथा समाजिक नियमावली का ब्यापक प्रचार प्रसार व पालन करने पर चर्चा किया जावेगा। उक्त जानकारी लक्ष्मी नारायण बघेल जिला प्रवक्ता द्वारा दिया गया।

### समितियों में खाद-बीज वितरण फिर हुआ सुचारू

**बालोद।** जिले के सभी सहकारी समितियों में किसानों को समुचित मात्र में खाद, बीज का वितरण किया जा रहा है। अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि पिछले एक, दो दिनों में सर्वर डाउन एवं तकनीकी समस्याओं के कारण खाद, बीज के वितरण कार्य में कुछ बाधा आ गई थी। लेकिन सर्वर डाउन संबंधी तकनीकी समस्याओं के निराकरण के पश्चात जिले के सभी सहकारी समितियों में किसानों को खाद, बीज के वितरण का कार्य पूर्व की भांति सुचारू रूप से संचालित की जा रही है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा द्वारा जिले के कृषकों को समुचित मात्र में खाद, बीज की जिले में समुचित उपलब्धता एवं इसका वितरण सुनिश्चित कराने हेतु कार्य की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है।

# लगातार पांचवें दिन बिगड़ा मौसम, आंधी और बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

मई महीने की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। भीषण गर्मी के बीच अचानक आंधी, तेज तूफान और बारिश का सिलसिला लगातार जारी है। 5 मई से शुरू हुआ खराब मौसम शनिवार को लगातार पांचवें दिन भी थमने का नाम नहीं ले रहा। शनिवार शाम एक बार फिर तेज आंधी और गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई, जिससे नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में जनजीवन प्रभावित हो गया। दोपहर बाद अचानक आसमान में घने बादल छा जाते हैं और ठंडी हवाएं चलने लगती हैं। कहीं तेज बारिश तो कहीं बूंदाबांदी होने से मौसम में ठंडक घुल गई है। हालांकि इस बदले मौसम ने आम लोगों, व्यापारियों और किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। लगातार खराब मौसम के कारण बाजारों में भी रौनक कम दिखाई दे रही है और ग्रामीण क्षेत्रों में खेती-किसानी के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

## तेंदूपत्ता खरीदी पर संकट, संग्राहकों और ठेकेदारों की बढ़ी चिंता



### तेंदूपत्ता खरीदी पर मौसम की मार

5 मई से शुरू हुई तेंदूपत्ता खरीदी इस बार मौसम की बेरुखी का शिकार बन गई है। लगातार बारिश और नमी के कारण खरीदी कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। हालात यह हैं कि खरीदी शुरू होने के बाद से अब तक केवल एक दिन ही सुचारू रूप से तेंदूपत्ता खरीदी हो पाई है। शनिवार को सुबह मौसम साफ रहने के कारण संग्राहकों ने जंगलों में जाकर तेंदूपत्ता तोड़ाई की, लेकिन दोपहर बाद अचानक मौसम बदल गया, इसके चलते खरीदी केंद्रों में तेंदूपत्ता नहीं खरीदा जा सका। संग्राहकों को तेंदूपत्ता वापस ले जाकर रविवार सुबह फिर से लाने के निर्देश दिए गए। अब सभी की नजर रविवार के मौसम पर टिकी हुई है। यदि मौसम फिर बिगड़ता है तो खरीदी कार्य पर और बड़ा असर पड़ सकता है। लगातार बारिश के कारण तेंदूपत्ता खराब होने का खतरा भी बढ़ गया है, जिससे संग्राहकों, समितियों और ठेकेदारों की चिंता बढ़ती जा रही है।

### घाटे का सौदा बनती दिख रही तेंदूपत्ता खरीदी

क्षेत्र में चर्चा है कि इस बार तेंदूपत्ता सीजन संग्राहकों, समितियों और ठेकेदारों के लिए घाटे का सौदा साबित हो सकता है। मौसम की अनिश्चितता के कारण जहां मजदूरों की मेहनत पर पानी फिर रहा है, वहीं खरीदी केंद्रों में भी अव्यवस्था की स्थिति बन रही है। लगातार बारिश से तेंदूपत्ता सूख नहीं पा रहा, जिससे गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका भी बढ़ गई है। मौसम के लगातार बिगड़े हालात ने पूरे क्षेत्र में चिंता का माहौल बना दिया है। लोग अब अच्छे मौसम का इंतजार कर रहे हैं ताकि जनजीवन फिर से सामान्य हो सके।

## कार्यक्रम : 345 से अधिक किसानों ने वैज्ञानिक परिचर्चा में लिया भाग

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को उन्नत खेती की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





कृषि विभाग के उप सचांलक आशीष चंद्राकर ने बताया कि जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्यपालन के अधिकारियों द्वारा 10 टीमों का गठन किया है।

गठित टीम के द्वारा 08 मई को ग्राम, सांकरा (ज), जामगांव (बी) विकासखण्ड बालोद, ग्राम गोरकापार, छेड़िया विकासखण्ड गुरूर, ग्राम कोपेडेरा, बम्हनी विकासखण्ड डौण्डी, ग्राम घीना, तुड़मुड़ा विकासखण्ड डौण्डीलोहारा, सरेखा एवं मोगरी विकासखण्ड गुण्डरदेही, जिले में कुल 10 ग्रामों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इन कार्यक्रमों में 10 ग्रामों के 345 से अधिक किसान, वैज्ञानिक परिचर्चा में भाग लिए। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' अंतर्गत उन्नत तकनीक एवं नई किस्मों से किसानो को जागरूक किया जा रहा है। प्राकृतिक खेती तथा जैविक खेती का प्रचार–प्रसार एवं मृदा के स्वास्थ्य को बनाये रखने जैविक खाद, जैव उर्वरक को प्रोत्साहित किया गया। मृदा स्वास्थ्य कार्ड में फसलवार अनुशंसित मात्र अनुसार संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रोत्साहन हेतु वैज्ञानिक अनुशंसा के आधार पर ई–उर्वरक (टोकन प्रणाली) आधारित उर्वरक वितरण व्यवस्था के बारे मेंकृषकों को समझाईश दी गई तथा डी.ए.पी. के विकल्प के रूप में अन्य रासायनिक उर्वरक जैसे एसएसपी के उपयोग के संबंध में कृषकों को बताया गया। हरी खाद, जैव उर्वरक, नीलहरित काई, केचुआ खाद आदि के उपयोग से न केवल भूमा में सुधार होता है, अपितु उत्पादकता में भी वृद्धि होती है। अतःकृषकों को रासायनिक उर्वरकों के साथ–साथ हरीखाद, जैव उर्वरक, नीलहरित काई, केचुआ खाद आदि के उपयोग करने के लिए समझाईस दी गयी। धान की कतार बोनी मशीन से बुआई एवं पैडी ट्रांसप्लांटर से धान की रोपाई जैसे उन्नत तकनीकी का प्रसार किया गया।

फसल चक्र परिवर्तन अंतर्गत धान के बदले अन्य लाभदायी फसल, जैसे दलहन, तिलहन, मक्का, लघु–धान्य फसलें इत्यादि के उत्पादन हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया गया। सिंचाई संसाधनों के समुचित उपयोग हेतु ड्रिप, प्रिरंकलर एवं जल संरक्षण, संर्वधन के तकनीकों व एग्रीस्टेक परियोजना अंतर्गतकृषकों को समीपस्थ लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से निःशुल्क फार्मर आईडी तैयार करने की जानकारी दिया गया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत ई–केवाईसी, आधार सीडिंग, सेल्फ रजिस्ट्रेशन के बारे में बताया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अन्तर्गत क्षतिपूर्ति के प्रावधानो सेकृषकों को जागरूक किया गया। पूर्व वर्षों में कृषिगत गतिविधियों में परिलक्षित समस्याओं एवं वातावरणीय प्रभाव के आधार पर आगामी खरीफ की तैयारी हेतु सूचना, सलाह, सुझाव, समसामयिक जानकारी प्रदान किया गया। इसके अलावा कृषि तथा संबद्ध विभागों में संचालित केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।

# फूलबासन बाई अपहरण प्रयास मामले पर बिफरी विधायक सिन्हा

## कानून-व्यवस्था पर उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



महिला प्रदेश अध्यक्ष व बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने फूलबासन बाई के अपहरण मामले को लेकर प्रदेश की कानून–व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस के अनुसार, संगीता सिन्हा ने कहा जब पद्मश्री प्राप्त महिला सुरक्षित नहीं है, तो आम महिलाओं की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस की नवनियुक्त महिला कार्यकारी अध्यक्ष और बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने राजनांदगांव में पद्मश्री सम्मानित स मा ज से वी फूलबासन बाई यादव के निवास पर जाकर उनसे मुलाकात की और उनके साथ हुई अपहरण की कोशिश की घटना पर चिंता व्यक्त की है।

■ दोषियों पर सख्त कार्रवाई और उच्चस्तरीय सुरक्षा की मांग

विधायक संगीता सिन्हा ने पद्मश्री फूलबासन बाई के साथ हुई अप्रिय घटना को अत्यंत गंभीर बताते हुए कड़ी निंदा की और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेस नेताओं ने फूलबासन बाई को जनप्रतिनिधियों की तर्ज पर उच्चस्तरीय सुरक्षा प्रदान करने की मांग की है। इस मौके पर पूर्व मंत्री विधायक अनिला भेड़िया, विधायक हार्षिता स्वामी बघेल, विधायक दलेश्वर साहू, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, बालोद महिला शहर अध्यक्ष पद्मनी साहू, महामंत्री धीरज उपाध्याय, युवा नेता हिमांशु रावत्रे सहित कांग्रेस महिला कार्यकर्ता उपस्थित थे। उन्होने आगे कहा कि ना सिर्फ मेरे जिले में बल्कि राज्य में भी युवती, महिलाएं सुरक्षित नही है। उन्होने आगे कहा कि मेरे स्वयं के जिले में 3 साल की बच्ची के साथ रेप हो गया था, राज्य में छोटी बच्चीयां गर्भवती हो जाती, कही महिला सुरक्षित नही है, वर्तमान समय में राज्य स्तर पर युवतियां ना तो ट्यूशन जा सकती है और ना ही नौकन्या खाना खाने जा सकती है, ना ही स्कूल जा सकती है और ना ही शादी में जा सकती है हर जगह एक भय बना रहता है। आराधियों के मन मे कानून का भय नही है। उन्होने कहा आधी आबादी महिला है इसलिए हम महिलाओ की सुरक्षा की ओर काम करेंगे।

# बस स्टैंड में सीमेंटीकरण कार्य का शुभारंभ, वार्डवासियों में खुशी की लहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

ग्राम पंचायत चंदखुरी के वार्ड क्रमांक 1 स्थित बस स्टैंड में लंबे समय से लंबित सीमेंटीकरण कार्य की मांग आखिरकार पूरी होने जा रही है। इस मांग को पूर्व पंच एवं समाजसेवी भूपेन्द्र साहू द्वारा विधायक ललित चंद्राकर के समक्ष रखा गया था, जिसके बाद कार्य स्वीकृत हुआ। सीमेंटीकरण कार्य का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर कविता ठाकुर (सरपंच), योगिता यादव (उपसरपंच), मिनाक्षी निर्मलकर (पंच), भूपेन्द्र साहू (पूर्व पंच एवं समाजसेवी), यादेश ठाकुर (सरपंच प्रतिनिधि), जितेन्द्र यादव (पूर्व उपसरपंच) सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्डवासी भी उपस्थित रहे, जिनमें रमेश साहू, रमा साहू, मिनाक्षी देशमुख, चेला देवांगन, तुकेश्वरी, दिनेश देवांगन, सूर्यांश, दिव्यांश साहू, तुला राम, नित्यम, प्रत्युश, रोचक सहित अन्य नागरिक शामिल थे। वार्डवासियों ने इस विकास कार्य के लिए सरपंच, उपसरपंच, पंच एवं पूर्व पंच भूपेन्द्र साहू का आभार जताया। वहीं भूपेन्द्र साहू ने क्षेत्र के विधायक ललित चंद्राकर का विशेष धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनहित के कार्यों में उनका सहयोग सराहनीय है।

# राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए बालोद टीम रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



13वीं राज्य स्तरीय चिल्ड्रन, सब जूनियर, जूनियर किक बॉक्सिंग चौंपियनशिप में बालोद जिले का टीम रवाना हुई।

कोरबा में आयोजित होने वाले 13 वी राज्य स्तरीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में बालोद जिले से 6 खिलाड़ियो का चयन हुआ है। शहीद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष किशोर नाथ योगी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में बालोद से बालिकाओ में निधि खोबरगाड़े, ईशा साहू, चंचल ठाकुर ,तथा बालको में देवाशीष मानिकपुरी,सुर्यांश सोनी,हुलेश साहू, का चयन हुआ जो 10 मई से 12 मई तक जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। किक बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष समाज सेवी राकेश यादव, भाजपा जिला मंत्री निशा योगी, भाजपा के पूर्व सैनिक प्रपोष्ठ के संयोजक नंद किशोर साहू ने खिलाड़ियो से मुलाकात की और जीत का आशीर्वाद दिया।

# सुशासन तिहार शिविर में ग्रामीणों ने उठाई मूलभूत समस्याएं, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर



ग्राम पंचायत अर्जुनी विकास खण्ड गुण्डरदेही में सुशासन तिहार शिविर में मूल भूत समस्याओं को लेकर प्राधिकृत प्रभारी आशीष शुक्ला को ज्ञापन सौंपा गया।

पूर्व सासंद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी ने बताया कि किसानों की आवागमन के लिए परसदा खार वाटर कोश में पुलिया निर्माण, अर्जुनी से साजा मार्ग पर वाटर कोश में पुलिया निर्माण, सड़क के किनारे बनाई गई नाली की साफ सफाई सहित अनेक समस्याओं को लेकर मांग किया गया।

इस अवसर पर पूर्व सासंद प्रतिनिधि थानसिंह मंडावी, सरपंच हेमन्त साहू, पूर्व उपरपंच भारत साहू, लक्ष्मीनाथ साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# कपिलेश्वर मंदिर में 11 को होगा 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' का जिला स्तरीय आयोजन

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 'अटूट आस्था के 1000 वर्ष' को 11 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2027 तक एक राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव के रूप में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर 11 मई 2026 को बालोद जिले के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक प्राचीन कपिलेश्वर शिव मंदिर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिले में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई है। कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय बालोद के कपिलेश्वर मंदिर में आयोजित राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है। उल्लेखनीय है कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व 'अटूट आस्था के 1000 वर्ष' अंतर्गत बालोद जिले में ऐतिहासिक, पुरातात्विक धार्मिक आयोजन हेतु कपिलेश्वर महादेव मंदिर में 11 मई 2026 को राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव प्रस्तावित है। कार्यक्रम के आयोजन हेतु जारी किए गए समय–सारणी के अनुसार 11 मई को सुबह 09 बजे अतिथियों का मंदिर परिसर में आगमन, 9.30 बजे शिव स्तुति, दीप प्रज्वलन एवं महारती, 10 बजे से 10.15 तक उद्बोधन, 10.15 से 10.20 बजे तक शिव तांडव नृत्य प्रस्तुति, 10.20 से 10.30 तक सोमनाथ संवाद, 10.30 से 11 बजे भारत सरकार द्वारा ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण, 11 बजे से 11.15 तक सोमनाथ थीम पर रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का सम्मान एवं 11.15 बजे महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

## संगठन सृजन अभियान के तहत धानापुरी व मुड़गहन में कांग्रेस की बैठक आयोजित



**गुरूर।** संगठन सृजन अभियान के तहत संगठनात्मक पूर्णता व संगठन की मजबूती के लिए ग्राम धानापुरी बूथ एवं मुड़गहन बूथ में बूथ पुनर्गठन के लिए बैठक आहूत की गई थी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू के आह्वान में कंकालीन मंडल अध्यक्ष सुमीत राजपूत के मार्गदर्शन में नारागांव सेक्टर अध्यक्ष बल्ला कुंजाम के नेतृत्व में बैठक आहूत की गई थी, बैठक मे कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी एवं बूथ कमेटी का गठन किया गया है। धानापुरी पंचायत कमेटी अध्यक्ष टेमेश्वरी, उपाध्यक्ष जागेश्वरी सोरी, मूढ़गहन अध्यक्ष रोमनाथ ठाकुर, उपाध्यक्ष श्याम लाल ऊईके, बीएलए सूकचंद कुमार को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस सचिव तुलेश सिन्हा, संयुक्त महामंत्री एवं सरपंच ग्राम पंचायत धानापुरी खोमन सिन्हा, जनपद सदस्य अजीत कुंजाम, सेक्टर अध्यक्ष बल्ला कुंजाम, बूथ अध्यक्ष पंवर कोर्राम, दमन सलाम, अरुण नेताम, नोमेश दुग्गा, सवरी सलाम, संतोषी कुलदीप, गंगा मंडावी रेणुका, अर्चना यादव, पंच बाई, लखन नागवंशी, प्रीतम सोरी, रामेश्वर ध्रुव, लेख राम, धीराजी नेताम, टेकराम, रघुवीर पोया सहित स्थानीय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## परमात्मा के गुणों व शक्तियों को धारण कर समाज सेवा करें

# ब्रह्माकुमारी आत्मज्ञान भवन में "आनंद सरोवर" का हुआ उद्घाटन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के ब्रह्माकुमारीज दीदीयों द्वारा आनंद सरोवर का उद्घाटन किया गया। इस उद्घाटन अवसर पर ब्रह्माकुमारीज संचालिका बीके. विजयलक्ष्मी दीदी के साथ पूर्व मंत्री एवं विधायक डौण्डीलोहारा अनीला भेड़िया, विधायक मानपुर मोहला इंन्द्रसाय मंडावी, सेवानिवृत्त कमिश्नर गोविंद चुरेन्द्र, सेवानिवृत्त कलेक्टर हीरालाल नायक, सेवानिवृत्त उपमहानिरीक्षक पुलिस आरएस.नायक, सेवानिवृत्त सेल्स टेक्स ऑफिसर गोपी ठाकुर, सेवानिवृत्त आरटीओ. अधिकारी पंडित चुरेन्द्र उपस्थित थे।

इस उद्घाटन अवसर पर ब्रह्माकुमारी विजयलक्ष्मी दीदी ने कहा कि पंडित चुरेन्द्र जी ब्रह्माकुमारीज के राजयोग का अभ्यास करते हुए परमात्मा के गुणों व शक्तियों को धारण कर समाज सेवा के कार्य में सहयोगी है।

चुरेन्द्र भाई ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि जब से ब्रह्माकुमारीज से जुड़ा हुआ हूं। हर प्रकार के नकारात्मकता से दूर सदा सकारात्मक विचारों से आगे बढ़ते हुए समाज सेवा में तत्पर रहता हूं, सदा ही सुख, शांति आनंद का अनुभव करता हूं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिजर्वेशन कोच
1 जुलाई, 7 जुलाई, 15 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोटः-अमरनाथ यात्रा का रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल 2026 से शुरू हो गया है। अतः जो भी श्रद्धालु यात्रा पर जाना चाहते हैं, वे समय पर अपना रजिस्ट्रेशन एवं आवश्यक मेडिकल सर्टिफिकेट बनवा लें।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411